दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 09 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 13

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेंगलुरु में झारखंड के व्यक्ति की पीट-पीटकर की थी हत्या: पुलिस

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। 23 सितंबर को मृत पाए गए झारखंड के एक व्यक्ति की भीड़ के हमले में लगी चोटों से मौत हो गई थी। 23 सितंबर की रात, पुलिस को अज्ञात शव मिला था, जब गुस्साई भीड़ ने बच्चा चोर होने के संदेह में उस पर हमला किया था। डीसीपी (व्हाइटफील्ड) गिरीश ने कहा कि शुरूआत में सीआरपीसी 174 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया था क्योंकि अज्ञात शव पर कोई बड़ी चोट नहीं थी। हालांकि, बाद में पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया जब उन्हें पता चला कि भीड़ ने उस पर हमला किया था। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान बाद में झारखंड के संजय टुडू के रूप में हुई, जो शहर में राजमिस्त्री का काम करता था। उन्होंने कहा कि शव की पहचान करने में उन्हें लगभग आठ दिन लगे जिसके बाद झारखंड में उनके परिवार को सूचित किया गया। पुलिस ने कहा कि 3 अक्टूबर को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसके परिवार को सौंप दिया गया था। गुरुवार को मिली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उसके साथ मारपीट की गई और उसे कई चोटें आईं।

### 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म, घटना का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**बिजनौर (आरएनएस)।** यूपी के बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने और घटना का वीडियो वायरल करने का एक मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जबकि आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 15 वर्षीय नाबालिग अपने घर से मेला देखने जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे पकड़ लिया और बंधक बनाकर उसे नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पीड़िता के बयान पर शुक्रवार को एक प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें पंकज नाम के व्यक्ति को नामजद आरोपी बनाया गया है। इस मामले में नूरपुर थाना प्रभारी (एसएचओ) धीरज सिंह ने कहा कि दुष्कर्म की धाराओं, पोक्सो एक्ट की धाराओं के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपित पंकज की गिरफ्तारी के लिए संबंधित जगहों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिया है कि जल्द ही फरार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी, साथ ही स्पीडी ट्रायल चलवाकर सजा दिलाई जाएगी।

### चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को भेजा नोटिस, तीर-धनुष के इस्तेमाल पर मांगा जवाब




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शिवसेना के चुनाव चिह्न तीर-धनुष के इस्तेमाल को लेकर उद्धव ठाकरे को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस संबंध में ठाकरे से शनिवार को अपराह्न दो बजे तक जवाब दाखिल करने को कहा है। एकनाथ शिंदे गुट ने चुनाव आयोग ने चुनाव आयोग से अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में चुनाव चिह्न के तौर पर तीर-धनुष का इस्तेमाल करने की मांग की है, जिसको लेकर आयोग ने ठाकरे को शुक्रवार को नोटिस जारी किया और उनसे इस संबंध में शनिवार को अपराह्न दो बजे तक जवाब दाखिल करने को कहा। माना जा रहा है कि आयोग फिलहाल इस चुनाव चिह्न को फ्रीज कर सकता है। महाराष्ट्र की अंधेरी पूर्व विधानसभा के लिए चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इसके लिए सात अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 14 अक्टूबर तक चलेगी। इस सीट पर तीन नवंबर को मतदान होगा। उल्लेखनीय है कि एकनाथ शिंद गुट और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे दोनों ही खुद को असली शिवसैनिक होने का दावा कर रहे हैं और पार्टी पर अपना हक जता रहे हैं। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई भी चल रही है। इस बीच शिंदे गुट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव में शिवसेना के चुनाव चिह्न तीर-धनुष इस्तेमाल करने की मांग कर दी।

# विसर्जन कार्निवाल में हिंसक हुआ जंगली बैल, एक की मौत और 8 घायल



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज में देर शाम दुर्गा मूर्ति विसर्जन कार्निवल में एक बैल के हिंसक होकर भगदड़ मचाने से से एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृत व्यक्ति की पहचान साधन कर्माकर के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में रायगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आठ अन्य घायल व्यक्तियों का वर्तमान में उसी अस्पताल में इलाज चल रहा है, हालांकि उन्हें संकट से बाहर बताया गया है।

विसर्जन कार्निवाल में भाग लेने वाली एक सामुदायिक पूजा समिति अनुशीलों क्लब ने मूर्तियों को बैलगाड़ी पर ले जाने की व्यवस्था की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समस्या तब शुरू हुई जब एक बैल अचानक से हिंसक हो गया। बैल ने खुद को गाड़ी से मुक्त कर लिया और वहां जमा लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति की मौत हो गई।

गाड़ी में रखी देवी दुर्गा की मूर्ति बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह पूरी घटना एक मिनट से भी कम समय के लिए हुई, जिसके बाद बैल भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गया।

इस अवसर पर स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक और पश्चिम बंगाल राज्य अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री, मोहम्मद गुलाम रब्बानी उपस्थित थे। इस बीच, रायगंज के कई नागरिकों ने दुर्घटना के लिए जिला प्रशासन को फटकार लगाई है और उन्होंने दावा किया है कि अधिकारियों को संबंधित सामुदायिक पूजा समिति को बैलगाड़ी का उपयोग करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी।

शर्मिष्ठा घोष ने कहा, एक नागरिक के रूप में मैं रायगंज में जो कुछ हुआ उस पर शर्म महसूस करती हूं क्योंकि प्रशासन ने एक सामुदायिक पूजा समिति द्वारा इस तरह के कृत्य की अनुमति दी जिससे अंतत: किसी की जान गई। प्रशासन ने जलपाईगुड़ी में अचानक बाढ़ नरसंहार से कोई सबक नहीं सीखा।

बुधवार की रात, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मालबाजार में मल नदी में अचानक आई बाढ़ ने आठ लोगों की जान ले ली और कई लापता हो गए, जबकि हजारों लोग विजया दशमी के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के लिए नदी के किनारे एकत्रित हुए थे।

## नासिक में दर्दनाक हादसा

## ट्रक से टकराने पर बस में लगी भीषण आग, 11 लोग जिंदा जले



**नासिक (आरएनएस)।** एक बस के ट्रक में टकरा जाने से बस में आग लग गई, जिससे उसमें बैठे 11 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 30 घायल हो गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। नासिक पुलिस ने कहा कि दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे नासिक के पास औरंगाबाद रोड पर हुई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में आग लग गई, जिससे कई यात्री फस गए, जो तडक़े सो रहे थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की और सभी घायलों के शीघ्र मुफ्त इलाज के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यवतमाल से मुंबई आ रही बस को टक्कर मारने के सही कारणों का पता लगाने के लिए दुर्घटना की जांच की जाएगी।

सीएम शिंदे लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों के इलाज को प्राथमिकता दी जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त हुई बस यवतमाल से मुंबई की ओर जा रही थी। यह हादसा सुबह करीब 5 बजे के आसपास हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना के वक्त यात्री सो रहे थे और उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आंकड़े बताते हैं कि लगभग 30 लोग इसमें झुलस गए हैं।

## आईएएफ चीफ का ऐलान, अगले साल से एयरफोर्स में होगी महिला अग्निवीरों की भर्ती



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में आज वायुसेना दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर 2 बड़े ऐलान किए गए हैं। इसमें पहला ऐलान ये है कि भारतीय वायुसेना में एक नया 'वेपन सिस्टम ब्रांच' को बनाया जाएगा। इसके अलावा, दूसरा ऐलान ये किया गया है कि अगले साल से महिला अग्निवीरों को एयरफोर्स में शामिल किया जाएगा। एयरफोर्सडे के मौके पर शनिवार को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने ये दोनों ऐलान किया है। चंडीगढ़ में वायुसेना दिवस के मौके पर फुल डे रिहर्सल किया जा रहा है।

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने ऐलान किया कि सरकार ने आईएएफ अधिकारियों के लिए 'वेपन सिस्टम ब्रांच' को बनाने की मंजूरी दी है। भारत की आजादी के बाद ये पहला मौका है, जब एक नई ऑपरेशनल ब्रांच को बनाया जाएगा।

वायुसेना प्रमुख द्वारा ये ऐलान एयरफोर्सडे के मौके पर किया गया। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि ये ब्रांच अनिवार्य रूप से एयरफोर्स के सभी तरह के लेटेस्ट वेपन सिस्टम को हैंडल करेगा। इससे 3400 करोड़ रुपये बचाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वायुसेना अगले साल महिला अग्निवीरों को शामिल करने की योजना बना रही है।

## दुमका में लड़की को जिंदा जलाने की घटना पर फूटा गुस्सा, शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस से भी भिड़े

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के दुमका में 19 वर्षीया मारुति कुमारी को जिंदा जला दिये जाने की घटना पर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा है। शनिवार को उसका शव जैसे ही रांची से दुमका पहुंचा, सैकड़ों लोग सडक़ पर उतर आये। लोगों ने शव को चौराहे पर दुमका-नोनीहाट मुख्य सडक़ को जाम कर दिया। विरोध जता रहे लोग आरोपी राजेश राउत को जनता के हवाले करने या उसे तत्काल फांसी देने की मांग करते रहे। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसे अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

मारुति कुमारी के शव के साथ प्रदर्शन कर रहे लोग इतने गुस्से में हैं कि उन्होंने जाम हटाने के लिए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और विधायक रणधीर सिंह के आग्रह को भी ठुकरा दिया है। सांसद निशिकांत दुबे ने पीड़िता के परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी। इसी दौरान जब पीड़िता का शव उठाने की कोशिश की गई तो लोग पुलिसकर्मियों से भिड़ गये और एंबुलेंस पर हमला कर दिया। दिन दस बजे से जारी जाम में सैकड़ों वाहन और यात्री फंसे हैं। मौके पर पुलिस-प्रशासन के कई अफसर मौजूद हैं, लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोग उनकी एक सुनने को तैयार नहीं हैं।

बता दें कि दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के भरतपुर भालकी गांव में गुरुवार रात राजेश राउत नामक शख्स ने मारुति कुमारी के घर में घुसकर उसपर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी थी। मारुति उस वक्त गहरी नींद में थी। आग लगते ही वह चीखने लगी। उसने मैजिस्ट्रेट के सामने पुलिस को दिये बयान में कहा है कि आग लगाने वाले राजेश को उसने भागते हुए देखा। राजेश राउत शादीशुदा है, लेकिन इसके बावजूद वह मारुति और उसके घर वालों पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना पर सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताते हुए परिजनों को दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार हरसंभव कार्रवाई करेगी।

गौरतलब है कि दुमका में डेढ़ महीने के दौरान इस तरह की यह दूसरी वारदात है। इसके पहले बीते 23 अगस्त को दुमका शहर में ही 16 वर्षीया अंकिता सिंह को दो युवकों ने इसी तरह पेट्रोल डालकर जला डाला था, जिसकी एक हफ्ते बाद रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

## वायु सेना के लिए हथियार प्रणाली शाखा को मंजूरी



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वायु सेना में अधिकारियों के लिए हथियार प्रणाली शाखा की मंजूरी दे दी है, आजादी के बाद पहली बार वायु सेना में यह शाखा गठित की जा रही है।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शनिवार को यहां 90वें वायु सेना दिवस के मौके पर अपने संबोधन में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे वायु सेना सतह से सतह पर मार करने वाली विशेष मिसाइलों, मानव रहित यान और अन्य हथियार प्रणालियों का रखरखाव कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इस शाखा के अस्तित्व में आने के बाद उड़ान प्रशिक्षण पर आने वाले खर्च में कमी आएगी और 3400 करोड़ रुपए की बचत होगी।

इस बार वायुसेना दिवस पर समारोह का आयोजन चंडीगढ में किया गया है। अब तक राजधानी दिल्ली के निकट हिंडन वायु सेना स्टेशन में इस समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अब वायुसेना दिवस पर हर वर्ष अलग जगह पर समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर वायुसेना प्रमुख ने वायुसेना कर्मियों के लिए नई लड़ाकू यूनिफॉर्म को भी लांच किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत वायु सैनिकों की भर्ती एक चुनौती भरा काम है लेकिन यह हमारे लिए देश के युवाओं की ताकत को देश की सेवा में लगाने का मौका भी है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण में उचित बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर तक वायु सेना में 3000 अग्नि वीरों की भर्ती हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में अब युद्ध का स्वरूप बदल रहा है तथा इसमें अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र भी शामिल हो रहा है। इस तरह अब हमें हाइब्रिड वारफेयर की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की परिस्थिति में कोई एक सेना अपने बलबूते युद्ध नहीं जीत सकती इसलिए सेनाओं का एकीकरण सफलता के लिए जरूरी है और इस दिशा में काम चल रहा है।

## केरल में 1200 करोड़ की अफगान हेरोइन जब्त, गुजरात में एटीएस ने पकड़ी पाक तस्करों की नाव



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केरल में एनसीबी और नौसेना की संयुक्त टीम ने 1200 करोड़ रुपये कीमत की 200 किलो हेरोइन को जब्त किया है। हेरोइन का इतना बड़ा जखीरा एक ईरानी जहाज से मिला है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस जहाज को अफगानिस्तान से पाकिस्तान पहुंचाया जाना था। खेप का कुछ हिस्सा भारत और श्रीलंका में बेचा जाना था। जहाज से 6 ईरानी लोग भी पकड़े गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस बड़ी तस्करी के पीछे पाकिस्तान के हादी सलीम नेटवर्क का हाथ हो सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, हेरोइन की पैकेजिंग में स्कॉर्पियन के अलावा ड्रैगन सील के निशान भी मिले हैं।

वहीं दूसरी तरफ गुजरात में आतंकवादी निरोधी दस्ते के साथ इंडियन कोस्ट गार्ड ने एक जॉइंट ऑपरेशन में बड़ी मात्रा मे ड्रग ले जा रहे पाकिस्तानी तस्करों के गिरोह को पकड़ा है। ये तस्कर अल सकर नाम की बोट से भारत में ड्रग्स लाने की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से पुलिस दस्ते ने 50 किलो हेरोइन जब्त की गई है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 350 करोड़ बताई जा रही है। बोट पर कुल 6 क्रू मेंबर्स थे। पुलिस दस्ते ने इन्हें गिरफ्तार किया है और इनसे पूछताछ की जा रही है।

## आरटीडीसी और पर्यटन विभाग की सकारात्मक पहल से पैलेस ऑन व्हील्स शाही ट्रेन दोबारा शुरू



**जयपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर पैलेस ऑन व्हील्स शाही ट्रेन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। गहलोत ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स शाही रेलगाड़ी पर्यटन के क्षेत्र में दुनिया में एक मिसाल है। पिछले 40 वर्षों से चल रही इस ट्रेन का 2 वर्षो के अन्तराल के बाद पुन: प्रारम्भ होना एक शुभ संकेत है। यह इंगित करता है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र और मजबूती के साथ उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने रवानगी से पहले पैलेस ऑन व्हील्स शाही ट्रेन का अवलोकन कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों को मंगलमय सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स का पुन: संचालन हमारे लिए गर्व की बात है। शाही रेल में राजस्थान की हेरिटेज और सांस्कृतिक परम्परा को देखकर देश-विदेश के पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे और आरटीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में इस ट्रेन में आधुनिक साज-सज्जा और सभी पर्यटक सुख-सुविधाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण इस शाही रेल का संचालन करीब 2 वर्षों से बंद रहा। आरटीडीसी व पर्यटन विभाग की सकारात्मक पहल से यह टेऊन पुन: शुरू हो रही है।

**पर्यटन को उद्योग का दर्जा-** गहलोत ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सराकर ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है और अनेक प्रकार की रियायतें दी जा रही हैं। पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान की पुरानी हवेलियां, गढ़, किले और रेगिस्तान के साथ लोक कलाएं, हस्तशिल्प आदि की दुनिया भर में खास पहचान है। वर्ष 2022-23 के बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान देश का सबसे सम्पन्न प्रदेश है और दिल्ली-आगरा के बाद विदेशी पर्यटक राजस्थान आना पसन्द करते हैं। यहां स्वदेशी पर्यटन की समृद्ध परम्परा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रथम शाही रेल वर्ष 1982 में प्रारंभ हुई थी। रेलवे द्वारा समय-समय पर रेल की गेज परिवर्तन के फलस्वरूप मीटर गेज से ब्रॉड गेज ट्रेन वर्ष 1991 में दूसरी और 1995 में तीसरी शाही रेल का निर्माण किया गया।

**शाही रेलगाड़ी में 7 दिन का राजसी सफर-**शाही रेलगाड़ी का सात दिवस का दिल्ली व आगरा के अलावा राजस्थान के खूबसूरत शहरों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौडग़ढ़, जैसलमेर तथा भरतपुर का सफर देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा।